# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 22.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन्स में शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी ।

◆परेड के दौरान उपस्थित पुलिस कर्मियों को शस्त्रों का प्रशिक्षण कराया गया ।

◆पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये ।

◆साप्ताहिकअर्दलीरूमकेदौरानविभिन्नरजिस्टरोंकोचेककरदिएगएआवश्यकदिशा-निर्देश।

◆पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर परेड का आयोजन किया गया।

आज दिनांक 22-03-2024 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के पश्चात पुलिस कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई, तथा पुलिस कर्मियों से शस्त्रों का प्रशिक्षण करवाया गया ।पुलिस लाइन में स्थित आर0ओ0 प्लान्ट व आवासीय परिसर का निरीक्षण कर बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक सिद्धार्थनगर को निर्देशित किया गया ।तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । परेड के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन/सदर, प्रतिसार निरीक्षक सहित लाइन्स के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर परेड का आयोजन किया गया ।

## प्रेस-नोट दिनांक 22-03-2024 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

**आज दिनांक 22-03-2024 को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 03भूमि विवाद, 02 मार-पीट, व 07 अन्य विवाद से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।**

## प्रेस नोट दिनांक 22.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆अपहरण का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, अपहृता बरामद।

◆थाना इटवा पुलिस को मिली सफलता।

◆गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में "अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान" के क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व गर्वित सिंह क्षेत्राधिकारी इटवाके निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक इटवा मय टीम द्वारा आज दिनांक 22.03.2024 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 40/2024 धारा 363,366 भा.द.वि. से सम्बन्धित वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर, अपहृता को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.मो0 हफीज पुत्र मो0 अयूब निवासी पकड़ी नन्दलाल थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.प्र0नि0 संतोष कुमार तिवारी, थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

2.उ0नि0 रमेश कुमार साहनी, थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

3.हे0का0 अनूप यादव,थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस-नोट दिनांक 22.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा 04अभियुक्तों के विरूद्ध की गयी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही।**

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध/अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के दृष्टिगत आज दिनांक 22.03.2024 को अपहरण, दुष्कर्म वमार-पीट आदि घटनाओं में संलिप्त 04 अभियुक्तों 1.शीतल उर्फ कालिया पुत्र चन्द्रभान साकिन तुरकवलिया थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर, 2.विजय उर्फ गोलू पुत्र श्यामप्रकाश उर्फ गाले साकिन गोपीजोत थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर, 3.मनोज कुमार यादव पुत्र सुरेश यादव साकिन लोहटी थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर, 4.दिलीप यादव पुत्र दयानन्द यादव साकिन महदेवा कुर्मी थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के विरूद्ध धारा 3(3) गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 की कार्यवाही की गयी।

## प्रेस नोट दिनांक 22.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆शिकायतकर्ता श्री अलताफ हुसैन के खाते से फ्राड हुए सम्पूर्ण धनराशि ₹1,44,500/- को साइबर सेल सिद्धार्थनगर ने कराया वापस।**

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में "अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान" के अन्तर्गत सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशलपर्यवेक्षण व नेतृत्व में प्रभारी साइबर सेल व टीम साइबर सेल द्वाराश्री अलताफ हुसैन निवासी सुहई कनपुरवा थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से ट्रेडींग के नाम पर फ्राड हुए धनराशि को कार्यवाही करते हुए श्री अलताफ हुसैनके खाते में सम्पूर्ण धनराशि ₹1,44,500/- वापस कराये गए।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

आवेदक श्री अलताफ हुसैन से अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन UPI के माध्यम से कुल धनराशि ₹1,44,500/-का फ्रॉड हो गया था। आवेदक उपरोक्त को जैसे ही ज्ञात हुआ कि उसके साथ फ्रॉड हो गया तोउक्त की सूचना साइबर सेल सिद्धार्थनगर को दी गई।

आवेदक द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर साइबर सेल टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए आवेदकके खाते में सम्पूर्ण धनराशि रूपये ₹1,44,500/- वापस कराया गया । साइबर टीम के सराहनीय कार्य के लिएआवेदक द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी |

**धनराशि बरामद कराने वाली साइबर पुलिस टीम का विवरण-**

1.उ0नि0 राजेश शुक्ला, साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर ।

2.उ0नि0 रामनिवास, साइबर सेलजनपद सिद्धार्थनगर ।

3.मुख्य आरक्षी अतुल चौबे साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर ।

4.आरक्षी राहुल मौर्या साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर I

5.म0आरक्षी प्रियंका साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर I

6.म0आरक्षी शिप्रा मौर्या साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर I

# प्रेस नोट दिनांक 22.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, अपहृता बरामद।

◆थाना मोहाना पुलिस को मिली बडी सफलता।

◆गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में "अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान" के क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी सदरके निर्देशन में थानाध्यक्ष मोहाना मय टीम द्वारा आज दिनांक 22.03.2024 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 46/2024 धारा 363,366,376 भा.द.वि. व ¾ पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर, अपहृता को बरामद किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.जहरूद्दीन खाँ पुत्र शमसुद्दीन खाँ निवासी बरोहिया खास थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी, थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
2.उ0नि0 तारकेश्वर पाण्डेय, थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
3.उ0नि0 जितेन्द्र नरायन यादव, थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
4.हे0का0 आनन्द प्रताप चौरसिया, थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
5.का0सिद्धार्थ सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 22.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆आगामी त्योहार होली व लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत थाना लोटन पुलिस व सी0आई0एस0एफ0 की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम ठोठरी, करमयनी आदि में एरिया डोमिनेशन/रुट मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

◆क्रिटिकल मतदान केन्द्रों, वनरेबुल मजरों का भ्रमण कर निर्भीक होकर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 22-03-2024 को थाना लोटन पुलिस व सी0आई0एस0एफ0 की संयुक्त टीम द्वारा आगामी त्योहार होली व लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना लोटन क्षेत्रान्तर्गत ग्रामठोठरी, करमयनी आदि स्थानो पर मय दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ एरिया डेमिनेशन/रुट मार्च/फ्लैग मार्च किया गया तथा आम-जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराया गया। इस दौरान क्रिटिकल मतदान केन्द्रों, वनरेबुल मजरों का भ्रमण कर निर्भीक होकर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 22.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆अपहरण का आरोपी/बाल अपचारी चढ़ा पुलिस के हत्थे, अपहृता बरामद।

◆थाना उसका बाजार पुलिस को मिली सफलता।

◆गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में "अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान" के क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में थानाध्यक्ष उसका बाजार मय टीम द्वारा आज दिनांक 22.03.2024 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 45/2024 धारा 363,366 भा.द.वि. से सम्बन्धित वांछित 01 नफर बाल अपचारी को गिरफ्तार कर, अपहृता को बरामद किया गया। गिरफ्तार बाल अपचारी को आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1.एक नफर बाल अपचारी।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

2.उ0नि0 पारस राय थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

3.का0 दिलीप यादव थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 22.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆यातायात पुलिस द्वारा 02 पहिया वाहन पर 03 सवारी/ बिना हेलमेट वाहन चलाना, गलत दिशा मे वाहन चलाना, सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों आदि के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया।

◆आमजन को यातायात नियमो के बारे में किया गया जागरुक।

आज दिनांक 22.03.2024 को सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुपालन के क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में एवं अरुणकांत सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात अमरेश कुमार मय टीम द्वारा बाँसी रोडवेज पर गलत तरिके से खड़े वाहनो व ठेले खोमचो एवं नेशनल हाइवे पर बिल्डिंग मटेरियल बनाने वाले को हटवाने के साथ-साथ बाँसी, नौगढ़ कस्बा, सनई चौराहा, साड़ी तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, हाइडिल तिराहा तथा अन्य स्थानों पर पी0ए0 सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु रिफलेक्टर टेप लगाया गया, सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहन हटवाया गया तथा यातायात नियमों का पालन न करने वाले कुल 34 वाहनों का चालान करते हुए ₹38500/- शमन शुल्क की कार्यवाही करते हुए प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।

## प्रेस नोट दिनांक 22.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार होली, लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।

◆आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 22.03.2024 को जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार होली, रमजान माह, लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस पास पैदल गश्त/चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया व आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने व किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने की अपील की गयी।

## प्रेस नोट दिनांक 22.03.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना मोहाना पर सर्किल सदर के थानों का किया गया अर्दली रुम/अपराध समीक्षा गोष्ठी।**

**◆सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 22.03.2024 को थाना मोहाना पर सर्किल सदर के समस्त थाना कोतवाली सिद्धार्थनगर, उसका बाजार, मोहाना, लोटन, कपिलवस्तु, महिला थाना व अपराध शाखा का अर्दली रुम/अपराध समीक्षा गोष्ठी कर सदर सर्किल की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गयी तथा क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, विवेचकगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात महोदय द्वारा विवेचनाओं के निस्तारण, पुराने मामलों के निस्तारण, जनशिकायत द्वारा प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में कड़े निर्देश दिये गये। शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, साक्ष्य के आधार पर विवेचनाओं का निस्तारण एवं अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्यवाही, निरोधात्मक कार्यवाही में गुण्डा अधिनियम, गैंगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने आदि बिन्दुओं पर महोदय द्वारा निर्देश दिया गया। उक्त गोष्ठी के दौरान सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी सदर, अरुणकान्त सिंह क्षेत्राधिकारी अपराध व सदर सर्किल के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं सदर सर्किल व अपराध शाखा के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।